❀ श्रीः ❀

करणीन्द्र - कला - प्रकाश

रचयिता

श्री हिंगलाज दान जागावत

प्रधान संपादक व संशोधक

श्री जुगलकिशोर मिश्र एम० ए०, एल-एल० बी०

राजमिश्र ठिकाना जोवनेर, मलिकपुरा (जयपुर)

उप-सम्पादक

श्री रामनाथदान बारहठ, हाथीपुरा

प्रकाशक

सु श्री चिमन कुँवरि आढी जी,

धर्मपत्नि कविराजश्री १०५ श्री मुरारिदानजी आशियात्मज

श्री गणेशदानजी (जोधपुर)

विशेष:—श्री-मण्ढ खुड़द (मारवाड़) की मुहर-विहीन पुस्तक चोरी की समझी जावेगी।

प्रथमावृत्ति १०००
आश्विन शुक्ला,
नवरात्रि, २०१० विक्रम.

[मूल्य १) रुपया

श्री करणी मन्दिर देशनोक (बीकानेर)

मुहर (श्री-मण्ढ खुड़द)

मारवाड़

....

....

....

समर्पण

श्री करणीन्द्र-प्रकाश की कला, किरण-राकेश,
श्रवण-सुण्यां हियै संचरैं, भांजण तोम-विशेष ।
सुधा-सरस शशि-शरद सम, पद पदान्त भरपूर,
कवि हिंगौल अर्पित करे, हाजिर ग्रन्थ हजूर ॥

कृपा-पात्र

हिंगलाजदान जागावत

चारणवास

परम पूज्य कलावतंश शक्त्यावतार सुश्री इन्द्रकुँवरि बाईजी महाराज
खुडद (मारवाड़)

इस पुस्तक के रचयिता—

कवि श्री हिंगलाजदान बारहठ जागावत
चारणवास (जयपुर)

❀ अनुक्रमणिका ❀

क्रमसंख्या विषय	पृष्ठ संख्या
१—आमुख	अ
२—भूमिका	क
३—शुद्धि पत्र	(i)
४—सरस्वती-वन्दना	१
५—करणी-मंगल	३
६—बलिदान विनोद उर्फ भक्ति प्रदान	१५
७—चरजा-खण्ड	३७
८—आरती	६१
९—इन्द्रकला-प्रकाश	६२
१०—खुडद-मँढ-मूर्त्ति-स्थापन	६४
११—खुडद-मँढ-वर्णन	७४
१२—चरजा-खण्ड	८४
१३—खुडद-मन्दिर में श्री करणी-जन्मोत्सव समारोह	९७
१४—कवि-भक्त कुटीर पर इन्द्रेश का पदार्पण	१०४
१५—शक्ति-पदार्पण पर चरजा	१०९
१६—राजबाई-महाराज	११२
१७—चरजा श्री हिंगलाजदानजी जागावत-सुता-कृत	११५
१८—चिमन कुँवरि-चिन्तामणि	११७
१९—आरती	१२१
२०—जगडू-साहु री अर्ज	१३०
२१—विशेष छन्दादि व सम्पादन-कृत कवि-प्रशस्ति	१३५/१४०

★ आमुख ★

वाचक वृन्द !

कवि की अन्तः प्रेरणा इस प्रकार है जो कवि के भाव और सम्पादक की भाषा में आपके सम्मुख 'आमुख' में समक्ष है। भावानुभूतियों को पुस्तकाकार रूप देकर आप लोगों के कर-कमलों तक पहुँचाने की धृष्टता जो इस अल्पज्ञ ने की है, उसके लिये यह किंकर सदैव क्षम्य है। शक्ति-काव्य में नूतन अभिव्यञ्जनाओं का आगमन प्रज्ञाशक्ति को अतिरंजित कर ही गया, और मुझ जैसे अल्पज्ञ की भी अनुभूति वेगवती बन ही गई। हृदय की उन उन्मुक्त कल्पनाओं और प्रज्ञा की ईषत् अभिव्यंजनाओं को अभिव्यंजित होने से रोक नहीं सका। इसे जो चाहें कहलें, एक ओर यह धृष्टता की पराकाष्ठा है तो दूसरी ओर अस्सीम साहस। साहस मौलिक स्वरूप में हेय है, किन्तु भावना-जगत की कल्लोल चुटुल लहरियों की अभिव्यंजना इसे अतिरंजित होने से बचा नहीं

सकती और यही कारण है कि कवि-कुल-शिरोमणी तुल
के श्री शब्दों में वह 'स्वान्तः-सुखाय' होकर प्रस्फुटित
शक्ति-शील और सौन्दर्य की एकीभूत अभिव्यक्ति, सत्यं
सुन्दरम् का लोकहित में अवसान और जगज्जननी महामाया
का निखिल विस्मयाकार स्वरूप उस प्रौढ कवि की उन्मुक्त
का विषय बन ही गया। दर्शन-शास्त्र की प्रवरणता का
सत्य स्वरूप को ओझल कर ही देता है, किन्तु उसी जग
की यशोगान गाथा का प्रस्फुटित स्वरूप इसे झंकृत होने
नहीं सकता। अतः इस काव्य में रसज्ञ-जन कुछ
मुद्रा का ही अवलोकन कर सन्तुष्ट होंगे।

'मा-निषाद' वाली प्रथम पंक्ति ने आदि-काव्य की
महाशक्ति का जो विपद् स्वरूप अनावृत रूप में प्रस्तुत
जो उपनिषदों की माया-शक्ति कहलाई तथा जो मध्य
कवियों की रहस्य-भावना की पूर्व पृष्ठिका बनी, उसी मह
का अवतार आज मरूभूमि के पावन अंचल में दृष्टिगोच
से मरु-सिन्धु अपनी प्रशान्त भाव लहरियों को तट-विटप
तक प्रेषित करने को कटिबद्ध हो ही गया। इसे आप कोई
कहें।

जो कुछ मैंने यह यशोगान किया है, प्रत्यक्षानुभ
बंधा-बंधाया रूप है। सुश्री इन्दुबाई महाराज का

विभूति की दमकती मुक्तावली में संवत् १९६४ वि० शुभ आषाढ़ शुक्ला नवमी शुक्रवार को हुआ। वास्तव में शक्तियों का लोक-रंजनकारी स्वरूप विषमताओं में ही प्रकट होता है जो परा-शक्ति की प्रेरणा से झौंपड़ियों से प्रासादों में, कारागारों से दुष्ट-स्खलित राज्य-मन्दिरों में एवं राज्य-प्रासादों से स्वर्गतुल्य वनोद्यानों में परिणत होकर, लोकहित का बाना पहनता है। इस किंकर को उसी आद्याशक्ति के चरण-कमलों में आज निकटतम चतुर्थांश शताब्दी का अवसर बिताने का मौका मिला है जोधपुर मण्डलान्तर्गत बेसरोली स्टेशन से दो मील दूर इसी आद्या-शक्ति ने मरू-वसुन्धरा को निज अवतारणा से पावन एवं पूत किया है। भौतिक स्वरूप में आत्मश्लाघा करने में हिचकिचाहट अवश्य होती है किन्तु मानस-प्रकृति की उच्छृंखल भावना पुनः बाध्य करती है कि कवि को श्री बाईजी महाराज की नर-देह का मातुल-पद भौतिक देह-स्वरूप भी प्राप्त हुआ है।

काव्य में वर्णित जो कुछ शुद्धाशुद्ध व्यञ्जनस्वरोयुक्तपदावली काव्य-मर्मज्ञों को मिले वह सब बाईजी महाराज की वाक्-वरदान-विभूति की-ही एक अणु-सम्मत कनी है। यदि इस कनी में दमक है तो यह उन्हीं चरण-कमलों का प्रसाद है, और यदि धुन्धलाहट है तो इस किंकर के दंभ-तिमिरावृत हृदय की धृष्टता है।

मैं कवि नहीं हूँ ! शब्द ज्ञान मुझे नहीं, रस प्रक्रिया का बोध नहीं, काव्यगत गुण दोष, अलंकार, छंदशक्ति प्रभृति का तनिक भी बोध नहीं, तथापि शब्दबद्ध अन्त्यानुप्रासयुक्त शैली का जो स्वरूप इस तुच्छ ने ग्रहण किया, इसे उसी पराम्बा का वचन-वरदान समझिये। यह गुणगान, यथासमय, कल्पना संगत भावनाओं की अभिव्यक्ति है जिसे आराध्य की महानता ही कहिये। इस किंकर के पास क्या रखा है ?

जो कुछ आपका था सो तो आपही को समर्पित कर दिया; क्योंकि वाणी, शब्द, स्वर, स्वांस, लय और गति में भी उसी महाशक्ति का रूप मुखरित है और वही अखिल विश्व व्याप्त है। अतः इसमें मेरा तो कुछ भी नहीं है, जो कुछ था वही उसी पराशक्ति का है और उसीको भेंट है। यदि स्वीकृति प्रदान है तो मुझे हर्ष नहीं और अस्वीकृति है तो क्षोभ नहीं। कारण स्पष्ट है।

अन्ततः मैं इस पुस्तक के प्रकाशन में नर-देह स्वरूप सु श्री बाईजी महाराज श्री इन्द्रकुंवरीजी का कृपादृष्टि-पात्र हूँ। साथ ही साथ मम सुहृद श्री जुगलकिशोर मिश्र एम. ए. एलएल. बी. राजमिश्र ठि० जोबनेर व श्री रामनाथदानजी हाथीपुरा का अत्यन्त अभारी हूँ जिन्होंने इस पुस्तक के भावस्थलों एवं पंक्तियों की यथास्थान परिणति एवं संशोधन कर इस पुस्तिका को आपके

कर-कमलों तक पहुंचाया है।

कुछेक कारणों से पुस्तक को छपवाने में अत्यन्त जल्दी की गई है, अतः अशुद्धियों का रह जाना परम संभव है। आशा है वाचक वृन्द इन अशुद्धियों के लिये सूचना सम्पादक श्री जुगल-किशोरजी मिश्र एम. ए. एलएल. बी. मलिकपुरा पो० पचार (जयपुर) को यथा समय प्रेषित करें ताकि पुनः संशोधन में उन्हें हटा दिया जाय। किं बहुना।

विनीतः—

हिंगलाजदान जागावत

संपादक—

जुगलकिशोर मिश्र एम० ए०, एल० एल० बी०

☆

काव्य' में एक नवीन धारागमन आज परिलक्षित होते देख कर स्वतः उपनिषदों की अवतारवादी धारणा की ओर ध्यान जाता है। माया और ब्रह्म, प्रकृति और पुरुष प्रभृति द्वन्द्वात्मक विश्व की आदिसृजन भावना के आधार रहे हैं। माया स्वरूप इसी अपरा-शक्ति की निरंतर सृजन-नृत्य की नूपुर झंकार में ही इस महान् दृष्टिगत संसार का नर्तन व अस्तित्व समाहित है, वही नृत्य परोक्ष सत्ता में अमरापुर की अमराइयों में अमर-वैभव का प्राण है और वही नृत्य नर-देह-तन्त्री का राग-पूर्ण-तार एवं देव-विलास का कौतुकमय परिहास है। दूसरी ओर उसी पराशक्ति का एक विषम भ्रूभंग देव-सृष्टि का लय और मानव-सृष्टि का विहाग बन जाता है। अतः प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से उसी पराऽपरा शक्ति का ही कनिष्टिकांगुली नृतन ही देव, गंधर्व, यक्ष, किन्नर, पन्नग, एवं मानव-प्रभृति सृष्टियों का राग एवं विहाग, सृजन

एवं संहार आदि बन जाता है। वही परा शक्ति युग युग
अपना नया स्वरूप लेकर द्विरूपा बन-कर अवतरित होती है
एक ओर मनुष्य देह धारण करने से मानव-स्वभाव ए
तत्सम्बन्धित मानव-गुण, मानव-विफलता, मानव-राग एवं ज
भौतिक विफलता एवं वैभव, रोग व राजस रंजाटादि का यो
रहता है—यह तो उनका दृष्टिगत लोकमयी स्वरूप है, इस
ऊपर एक दूसरा अदृश्य स्वरूप और होता है जिसका आभा
मात्र हम मानवी-जगत के प्राणी पा सकते हैं—किन्तु इसक
पूर्ण स्पष्ट स्वरूप प्राप्त करने के लिए मानव को एक ही नहं
अनेकों जन्म धारण करने पड़े तो भी नहीं पा सकते।

वही पराम्बा शक्ति हिंगलाज आवडजी करणीजी एव
रांजबाई महाराज की कला-शृंखला में इस युग में खुड
ग्राम (जोधपुर मण्डलान्तर्गत) अवतरित हुई। जो दृष्टिगत
एक प्रत्यक्ष-स्वरूप में देह नाम पर सु श्री इन्द्रकुंवरि महाराज
नाम से सुशोभित है और अलौकित कृतियों की पर्यवेक्षणा एवं
प्रत्यक्ष चमत्कारों से उसी अमरापुर-सृजनी पराम्बा के अवतार
हैं जिनका स्वरूप निर्धारण दुष्कर है। मनोवैज्ञानिक, दार्शनिक
एवं कवि भावुक हृदय आज एक तट होकर इसका परिचय पाना
चाह रहे हैं, किन्तु आभास सभी को होता है, सत्य पर अभी
कोई नहीं पहुंचा। दैवी-शक्तियों की कला का पार पाना सहज
नहीं है। उसी-सत्य की खोज में मम सुहृदवर कविवर

श्री हिंगलाजदानजी जागावत जो जयपुर मण्डलान्तर्गत चारणवास ग्राम-निवासी हैं, ने अपनी प्रत्यक्षानुभूति से यह कला प्रकाशक काव्य समदय रखा है।

यह काव्य, भक्त हृदय की आवाज है अतः काव्यकोटि में इसका स्थान दूसरा होगा। कारण स्पष्ट है कि श्री हिंगलाजदानजी जागावत गौत्रीय उस कवि-परम्परा के प्रसून हैं, जिन्होंने आदि युग में हिन्दू हिन्दुत्व एवं हिन्दवानी को उद्बोधन करवाया था। कविवर का जन्म सम्वत् १६५४ वि० की कार्त्तिकीय गोपाष्टमी को चारणवास नामक एक छोटे ग्राम में हुआ। आपकी वंश पावनता की प्राचीनता की क्या कहें, प्रत्यक्ष की प्रभुता यही पा सकते हैं कि प्रस्तुत काव्य के वर्ण्य भौतिक नर देह स्वरूप जो कि उस पराम्बा आद्याशक्ति के अवतार श्री इन्दुकुंवरि बाईजी महाराज हैं, कविवर की पूज्य भगिनी सु श्री धापूबाईजी की कुक्ष से अवतार हुआ। कविवर की काव्य में एक पंक्ति—

"जाय जनम लेवो जकां, देवल री वह देह।"

अक्षरशः सत्य है। श्री करणीजी महाराज ने देवल मां के कुक्ष से मनुष्य तन धारण किया था, तो श्री इन्दु कुंवरि महाराज ने धापू मां के कुक्ष से।

कविवर का प्रारंभिक जीवन गृहस्थ-जीवन की विषमता से आवद्ध रहा। भौतिकता का परदा कवि सुषुमा को दबाये बैठा

था। किन्तु एक दिवस 'मनुपोत के मच्छ चपेट'—के समान कवि की प्रौढावस्था में बाईजी महाराज के वचन-मच्छ का कवि-पोत को चपेटा मिल ही गया और वह पोत कविता-हिमश्रृंग पर पहुँच कर भाव-भूमि को ढूँढने लगा। बस यहीं से कविवर का कवि-जीवन अथ को प्राप्त कर पाया। स्कूलीय शिक्षाविहीन यह कवि स्वतः मुखुरित हो उठा। जिसे पिंगल शास्त्र का बोध नहीं, ह्रस्व दीर्घ का परिज्ञान नहीं था, सहसा कवि पद प्राप्त कर बैठा, और वचन-वरद-सुधापान में विह्वल हो बैठा। भाव भूमि मिल गई और प्रतिभा जग उठी। अनायास कविता पर कविता का तारतम्य जुड गया। वह बाईजी महाराज का एक दिवस का वरदान वाक्य था, जिसके फल-स्वरूप प्रथम निम्न चिरजा का कवि ने सृजन किया।

पातां करन प्रतिपाल इन्दरबाई अवनि पै आयाजी।
सकल पधारया सुरग सूं करत कमठ पग कोच॥
तखत खुडदगढ तपि रह्या बस्त कसू रे बीच।
आता दीस्या अम्बिका सातादीप समेत॥
पातां न करबा प्रगट दाता दत्त वित्त देत।
जापूं जाप सुजोगणी बापू चड ज्यों विहड॥
आपूं आप ही ऊपन्यां बापू बाई रै दिहड।
बन ठन बैठ्या बाघ पै तन मन सैं हुयि त्यार॥
अन्न धन्न देबा आविया अनगन हंस—आहार।
दिल दराज करज्यो दया हिंगलाज पै आज॥

इन्द्रराज करज्यो अवश्य कुभराज ज्यो काज ॥
(संवत १६७५)

कविवर का व्यक्तिगत अनुभव बाईजी महाराज के चरणाम्बुज के भक्ति मकरन्द पान की अनवरत विद्यमानता का ही फल है। जो कुछ कवि ने इन्द्र-कला प्रकाश में कहा है वह स्वानुभूति का ही फल है और करणी-कला प्रकाश में पूर्व-कालिक करणी चरित्र व मेहाई महिमा स्थित वर्णन का नव-कल्पना व नव-पद्धति में वर्णन है जहां व्यक्तित्व और भावना की छाप है।

कवि का व्यक्तित्वः—

कविवर हिंगलाजदानजी साधारण प्रकृति के मानव एवं असाधरण प्रकृति के भावुक हैं। लम्बा कद, गम्भीर मुद्रा और दार्शनिक नेत्र आपके प्राकृतिक गुण हैं, साथ ही साथ प्राचीन पद्धति का साफा व लिवास है। कविता में—कवि का हृदय गत व्यक्तित्व जो ओज एव माधुर्य से भरा पड़ा है, ज्यों का त्यों प्रकट होता रहता है। आधुनिक युग की विषमताओं में कवि का ओज प्रकट हो उठता है, और अपने आराध्य को 'जूनो विरद सभाल' कह कर भर्त्सना भी दे डालता है। माधुर्य भाव कवि के वात्सल्य को लेकर चलता है जहां आराध्य की महानता के सामने कवि नत मस्तक होकर अपनी तुच्छता प्रकट करता है, जहां 'माऊ' शब्द कितना सुन्दर बन पडा है। अतः यहाँ कवि का कोमल, सुशील, संयत एवं उदार व्यक्तित्व झलक पडता है।

भक्ति का स्वरूप:—

अब जिज्ञासा उत्पन्न होती है कि कवि ने भक्ति के किस स्वरूप को अपनाया ? उपनिषदों की अवतार भावना को कविने दत्तात्रय की माया व मारकण्डेय की—"क्रीं श्रीं ह्रीं" में अपनाया है जहां इन्द्र कुंवरिजी का अवतार दुष्ट-संहारणार्थ हिंगलाज के आदेश से हुआ है। अतः कवि अपने आराध्य को हिंगलाज के आदेश से आवडजी का अवतार मान कर नरदेह में एक पावन गुण-प्रभूत व्यक्तित्वमय देह माना है और दूसरी ओर महाशक्ति। यह शक्तित्व तांत्रिकों का विकृत स्वरूप नहीं, योगियों का माया निशाची रूप नहीं है, अपितु यह लोकरंजनकारी अरण्य कांडान्तर्गतस्थित जगज्जननी सीता का रूप है जो अपरणांस्थामुक्त है। अतः कवि अवतारवाद की उस श्रेणी की भक्ति भावना को लेता है जो पुष्टि मार्गीय रागानुगा से मिलती हुई है। दिनचर्या का अनवरत अवलोकन करनेवाला कवि यह भूल कैसे करता। परास्त्वा की अपराशक्ति पर विश्वास है; किन्तु लोकरंजनकारी स्वरूप में ही कवि का पूर्ण विश्वास है। इन्द्र कुंवरि का अवतार कवि ने प्रत्यक्ष परवाडों एवं कल्पना में रुग्न-त्राण, दुष्ट-दलन एवं आदेश पालिका में ही माना है —

भावस्थली के लिए :—

कवि की प्रस्तुत कृति पर दृष्टिपात करने से विदित होता है कि भाव जगत में कवि का हृदय आराध्य की महानता एवं

महानता सम्बन्धित घटनाओं में अधिक रमा है। प्रज्ञात्मक गुण से बौद्धिक प्रतिबन्ध का संचरण कृति को अनूठा स्वरूप दे गया। अतः कवि को प्रेरणा प्राप्ति पूर्वकालिक परवाड़ों की अभिव्यक्ति से मिली है। अतः कवि करणी प्रकाश खण्ड में 'करणी चरित्र' व 'मेहाई महिमा' से प्रभावित रहा है।

'अलख रूप वह आतमजी'—में अलख शब्द से विदित है कि कवि योगमार्गियों से अवश्य प्रभावित हैं पर साकारोपासना में अटल विश्वासी का हृदय दृश्यमान जगत में ही अधिक रमा है, अतः घटनाओं का विशेष आगमन है। काल का ध्यान रख कर घटनाओं को कवि !ने अपनाया है। समस्त काव्य पर विहंगम दृष्टि डालने से शांतरस का द्योतन है जो वात्सल्य रस में ओतप्रोत है। शृङ्गार रस का कहीं वर्णन नहीं, यह कवि के व्यक्तित्व का फल है। ओज युद्ध में वीर, माधुर्य वर्णन प्रकृति व उद्यानादि में कवि हृदय रम गया है। मन्दिर वर्णन, कूप, तडाग, फुलवाडी सभा आदि में कवि ने सूक्ष्म पर्य्यवेक्षण से काम लिया है।

' करणी-जयन्ती समारोह ' कवि की कल्पना प्रसूत सच्ची घटना है। ऐसी कल्पना शक्ति-काव्य में आज तक किसी ने नहीं की है। 'बलिदान-विनोद' में कवि ने किस प्रकार जनश्रुत-गाथा को मौलिक रूप देकर समक्ष रखा है जिसका अवसान भक्ति-प्रदान में है। समस्त चरजा खण्ड अनूठी कल्पनाओं से ओतप्रोत

है। 'मत्ता-सुख' शब्द की आवृत्ति मोतीदाम छन्द में विदित कराती है कि कवि बौद्ध-दर्शन के सम्यक-स्वरूप को जानता है जो शक्ति-काव्य में ग्रहणयोग्य है। नीति शास्त्र के वैध्य वैधानिक स्वरूप का अवलोकन हमें 'कान्हसिंह के चरवार्तालाप' में मिलता है तथा 'सभा-विधान' एव 'उत्सव-समारोहण' का असली स्वरूप 'करणी-जयन्ती' समारोह में। इस प्रकार कवि का ज्ञान-भण्डार वहुत व्यापक है। औषधी स्वरूप विभूति के समन्द्य परवाडों की करामात के सामने आयुर्वेद व अम्बादेश प्रस्थान पर ज्योतिप न्योछावर है। 'मॅढ' मन्दिर 'सैन्य' एवं शोभा वर्णन में कवि शक्ति-काव्य का प्रथम गुरु है। इस प्रकार शक्तिशील और सौन्दर्य को कवि ने लोकहित में समाहित कर समष्टि-स्वरूप में वाईजी महाराज में एकीभूत किया है जो अत्तरशः प्रत्यत्त एवं परोत्त दोनों रूपों में सत्य है। चित्रण कला में कवि अद्वितीय है। मुद्रा विशेप में 'उनमनी' मुद्रा की कल्पना कवि ने नये स्वरूप में रखी है जो पहले नहीं पाई जाती। करणी प्रकाश-खण्ड स्थित शक्तिशील का भाव परिपाटी संयुक्त एव 'रत्तणाय चलोकानाम्' व ह्रीं स्वरूपा बन कर 'ह्रीं काराम्बर अंग नर्तनकरी ओंकार लक्ष्यां परां" है जो अद्वितीय परवाडों से पुष्ट है और क्रीं वीज की अपेत्ता ह्रीं एवं ऐं की ओर ही विशेष झुकाव है।

आचार्य मम्मट की काव्य प्रेरणाओं—

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरत्ततये।

मद्य परनिर्वृतये कान्ता स.म्मततयोपदेश युजे ॥

मे से कवि को 'सद्यः पर निर्वृतये' से ही प्रेरित पाते हैं। परमानन्द की तुरन्त प्राप्ति ही काव्य रचना का उद्देश्य होता है अतः कवि परमानन्द को "परम कृपा प्राप्ति" में समाहित करते हैं और "लरज कहै हिंगलाज" में लरज शब्द कवि की भक्ति साधना को स्पष्ट कर देता है। इसमें अभिलाषा आशा, निर्वेद दैन्य एवं भर्त्सना आदि सभी भाव व्याप्त हैं।

भक्ति काव्य की वाटिका में कृत्रिमता स्वरूप कला का ढूँढना ठीक नहीं, किन्तु फिर भी ध्यान दें तो विदित होगा कि कवि काव्य-गत दोषों को जानता है. कहीं भी च्युत सस्कृति, न्यून पदत्व प्रभृति दोष नहीं होने पाये हैं। काव्यगत गुणों में, जैसा कि पहले कहा जा चुका है, ओज और माधुर्य को ही कवि ने अपनाया है। अलंकारों के भेद से अनभिज्ञ होने से कवि ने अलंकार काव्य रीतिग्रन्थ लिखना नहीं चाहा था अतः रूपक एवं उपमा अलंकार विशेष बन पाये हैं। काव्य के उपकरण—उपमा में दिव्य हैं। सुधा, अमर, अमराई, सुर, इन्दु, सूर, उडगण प्रभृति ही अलौकिक उपमेय के उपमान हैं। मालोपमा में विच्छृंखलता नहीं।

अभिधा के सहारे समस्त काव्य चलता है, कारण कि कवि प्रथम भक्त है, तत्पश्चात् कवि। किन्तु लाक्षणिक प्रयोगों की कमी नहीं। गूढ़ातिगूढ़ सिद्धान्त प्रतिपादन में 'अलख रूप'

गाया शक्ति की विवेचना में, कान्ह की कुटिलता पर लाक्षणिक प्रयोग है।

भाषाः —

कवि की भाषा राजस्थानी पूर्वी है। डिंगल कहलाये जाने वाली पद्धति के अनुसार शब्दों में द्वित्व एवं विकृति अवश्यंभावी है। बृज शब्दों का भी आगमन है—ठौर, कोऊ, तिहुं। ग्रामीण राजस्थानी का प्रयोग भी निःसंकोच है— विराजना' ब्राजत रूप गेयता के लिए नजदीक का नजीक (फारसी से) ग्राम्य प्रयोग रूप है। पैंड, सोव्रण, कदे, धिराणी, विटक, जचाय, खिनाय, जारूं, इत्यादि पूर्वी राजस्थानी के ग्रामीण शब्द हैं जो काव्य में कवि कर-कमलों से स्थानापन्न होकर, भाषा के शब्द-भण्डार-वृद्धि के साधक हैं। यह कवि कार्य स्तुत्य है। फारसी शब्दों का प्रयोग भी कवि ने किया है। ज़रा, तमाम, इन्तजाम, हुकुम, अदूल, गरीवनिवाज इत्यादि फारसी—के शब्द भी राजस्थानी ने हज्म कर लिये। यह कवि का औदार्य-भाव है।

भाषा विज्ञान के नियमानुसार कवि ने प्राकृत शब्दों को ठीक उसी प्रकार निभाया जो कि भाषा वैज्ञानिकों के लिए अपनी अन्वेषणा में बहुत सहायक हो सकते हैं। कम्म, धम्म, भुवंग, औगुण, सुछि किस प्रकार सही नियम से बने हैं—इस प्रकार के ग्रंथ उच्चश्रेणियों के विद्यार्थियों के लिए पाठ्य-पुस्तक बनने योग्य

प्रद हो सकते हैं।

छन्द ज्ञान कवि को बहुत है। छप्पय, सोरठा, दोहा, भुजंगप्रयात, कवित्त (मनहरण), मोतीदाम, त्रोटक, चौपाई एवं सवैया-यथास्थान प्रसंगानुकूल हैं। युद्ध वर्णन और ओज संयुक्त वार्तालाप में त्रोटक एवं मोतीदाम का प्रयोग कितना समीचीन है।

विस्तार भय से हम संक्षेप में इतना ही कह सकते हैं कि कवि ने कई मौलिक कल्पनायें की हैं जैसे "बाईजी महाराज का आपाढ शुक्ला ६ शुक्रवार १६६४ वि० में अवतार लेना और इसके ठीक ६ पहले आश्विन शुक्ला १, १६६३ वि० को हिंगलाज देवी के स्थान पर एकत्रित होकर, आवडजी को धापू कुल से अवतार लेने का आदेश" ऐसी कल्पनायें शक्ति-काव्य में कहीं भी नहीं है। करणी-जयन्ती समारोह पर भैरव को पहले बुलाकर समस्त देवियों का पदार्पण व वार्तालाप, परम्परा पालन हित के लिए है जो अलौकिक कार्य का अलौकिक वर्णन है।

इस प्रकार यह काव्य समस्त दृष्टि से सुन्दर और नित्य पाठ्यत है। शक्ति-स्तोत्र प्रणाली में देवियों के नाम माला जप से कम नहीं।

गीति काव्य की दृष्टि से अन्तर्वृत्ति-निरूपण में कवि ने बाह्य जगत का ध्यान रखा है और कोमल पदावलि के साथ

सुगेयता के लिये बीच २ में 'से' र, 'थे' 'ज' इत्यादि शब्द रखे हैं जो आधुनिक कवि पन्त की प्रणाली से मेल खाते हैं।

अन्तमें इतना ही कह देना ठीक है कि यह ग्रन्थ किसी और ही रूप में आपके समक्ष आता किन्तु कुछ कारणों से इसे छपवाने में शीघ्रता की गई है अतः विशेष ध्यान न दिये जाने से त्रुटियां रह गई हैं इसके लिए कविवर उत्तरदायी न हो कर मैं हूँ। कारणकि यह भार मुझ ही पर डाला गया था और यह सम्पादन कार्य अत्यन्त शीघ्रता से किया गया है। मैंने तो इन यत्र तत्र बिखरे हुये मोतियों को कुछ बटोर कर टूटे से धागे मे पिरो दिया है—धागा अवश्य कमजोर है। इसमें कवि का दोष नहीं, यह तो मेरी अपनी ही गलती है कि आस्था की प्रेरणा ने मुझे भटकाया और बिखरी हुई मुक्ता-राशि को त्वरित हृदय से उठा लिया और किसी भी प्रकार आप सहृदयों के कर-कमलों तक पहुँचाने को उत्कण्ठित हो गया। यह हृदय की वस्तु व हृदय का भाव है जहां सादृश्य-भावना वाले हंस तो भक्ति भावना से देखेंगे और गुण ग्रहण करने के प्रयत्न में लग कर कविकृति को स्तुत्य व मेरे परिश्रम को सार्थक बनाने की सोचेंगे और नास्तिक भावना वाले जले भुने कीड़े इसके पृष्ठों में सच्चे झूठे छेद करने के प्रयत्न में लगेंगे; उनकी आप लोगों को कोई परवाह करनी नहीं है, क्योंकि यह भी उसी जगज्जननी की ही प्रेरणा है जो श्रद्धा, तुष्टि, छाया, बुद्धि एवं लज्जा तथा पुष्टि प्रभृति में संस्थित है, वही अन्त में जाकर "या देवी सर्व भूतेषु-भ्रांति रूपेण संस्थिता"

हुई है। अतः छिद्रान्वेषण भी भ्रांति के कारण ही होता है और भ्रांति को आप समझते ही हैं कि 'सूर्य' में चन्द्रमा की भ्रांति अवश्य हो जाती है किन्तु वास्तव में वह है क्या ? 'सूर्य या चांद', बस यही फैसला है।

आशा है वाचक वृन्द त्रुटियों के लिए मुझे लिखेंगे जो अवश्य अग्रिम संस्करण में ठीक करा दी जावेंगी।

अन्ततः मैं परम श्रद्धेय श्री महंत भूरारामदासजी के सुपुत्र श्री सीतारामजी, खवासजी का मन्दिर, जयपुर का अत्यन्त आभारी हूँ जिन्होंने इस पुस्तक के छपवाने में मुझे बड़ी मदद दी है।

नवरात्रि,
२०१० विक्रमाब्द

विनीतः—
जुगलकिशोर मिश्र
एम० ए०, एल-एल० बी०
राजमिश्र० ठि० जोबनेर व मलिकपुरा
प्रधान-सम्पादक
रामनाथदान बारहठ हाथीपुरा
उप-सम्पादक

इस पुस्तक के संपादक—

श्री जुगलकिशोर मिश्र एम. ए. एल-एल. बी

राजमिश्र ठि० जोबनेर

मलिकपुरा (जयपुर)

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
४	११	चखार्यण	चरवावण
४	१३	दृखी	दृखि
६	१७	असनाई	अरुणाई
१०	२	महा	मह
११	३	प्रणाम्वे	प्रणाम्वे
११	१५	बाजे हु	भ्राजे हु
१२	४	दिती	अदिति
१४	८	शाह	साहु
१४	१४	हरि	हरी
१६	१	कीत	क्रीत
१६	१४	तिण (प्रथम)	जिण
१७	१	पोड़ि	जोड़ि
२०	११	बदाल	भ्रदाल
२२	२०	करीब	करीष
२३	४	नष्टर	नष्ट
२४	५	जे	जु
२५	१३	चढ्यां	चढ्यो

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२७	१५	आयास	आय
२७	१५	राणीवा	रणिवास
२७	२०	किर	फिर
२८	६	मगाया	मंगाया
३५	६	भुवनेश्वर	भुवनेश्वरी
३५	१५	यह	यहै
३६	३	पती	पति
३६	२	वाकी	बाकी
४१	४	ह	है
४६	छन्द ७ वां	श्यामा	श्याम
४६	„ ८	भञ्जराम	भवराय
५७	६ पंक्ति	मेटो	मेट
६०	छन्द ६	हणज्यो	हणसी
६२	मोतीदाम १	शक्ति, उक्ति	शकत्ति, उकत्ति
६३	पंक्ति ७	गलूं	लूंग
६५	७	ज्याति	ज्योति
६६	६	चाएड	चण्ड
६७	१३	भृता	भृत
६८	१६	हैलैं	हलैं
६८	२०	पंगुलतैं	पंगुचलैं
७०	१३	माना	मानों

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
७०	१७	हगां	हगां
७२	३	पेट	जद्
७२	५	तूं कला	कला तों
७३	१	दोनू	दोनों
७३	१५	शुल्क	शुक्र
८८	१७	भोय	मोय
८६	चरजा ६	सणिक	माणिक
६१	पंक्ति ५	अनोप	अनूप
६२	५	अमाता	अै माता
६२	१७	सहकोय	सब कोय
६३	६	पेल	पेर
६३	७	सर	सेर
६३	८	अलगा	अलग्ग
६४	१५	आख	आंख
६५	८	शीश	शिर
६६	१	मभ	मय
१०६	७	सको	जकां
१०७	१५	दिव	दीह
१०८	२१	का रूप है। 'करत्या इन्द्रेश घणां सिद्ध काम'	
११५	६	उजाड़न	उजालन

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
११६	१०	दधसुत	दधिसुत
११७	५	अवल	अव्वल
११६	४	माह	मात
११६	१०	किन्दर	कन्दर
१२०	६	भूर	भूप
१२१	४	वड़	व्रह्म
१२५	१६	भांसकर	भासंकर
१२६	६	हैं न (द्वितीय)	है न
१३२	८	दुखन्त	दुहन्त
१३७	६	झांझ	झाझ (जहाज)
१४०	१४	हीति	रीति
१४०	१६	अज्ञमाना	अज्ञमना
आ	१	आर	और
च	१०	अपरणांस्थामुक्त	अपरणांस्था-युक्त
छ	१३	जोवनेर व मलिकपुरा	जोवनेर मु॰ मलिकपुरा

★

सरस्वती-वन्दना

॥ दोहा ॥

मुक्ता-माल अमोल गल, कर वीणा झणकार।
हँस सुवाहण सोहणों, धिनो सुबुदि दातार ॥
सुर सह थारा सरस्वति, करैं विमल वाखाण।
तूँ हिय तिमिर नसावणी, उक्ति अधिक उपजाण ॥

चरजा

सरस्वति नमो शक्ति तोकों, महर कर सुबुद्धि देहु मोकों।
थारा देव त्रिहुं गुण थावै, तूं हियै उक्ति बहुत उपावै।
स्वच्छ अपार रावरो साम्प्रत, है यश तिहुँ लोकों ॥
सरस्वति नमो शक्ति तोको ॥१॥

अमर-इन्द्र थारा गुण आखै, दुहुं कर-जोड ऋषिगण दाखै।
रूठ्यां अधिक करै तूं राजी, नामी ग्रह नो को ॥
सरस्वति नमो शक्ति तोकों ॥२॥

नारदादि पांवा शिर नामैं, दाता सुबुद्धि देव बड़ धामैं।
तैं हिय राज्यां जीत सके जन सो पण्डित सौको ॥
सरस्वति नमो शक्ति तोकों ॥३॥

दुहु कर जोड़ धणी हूं ध्याऊँ, पूरण कृपा राजरी पाऊँ।
व्यञ्जन स्वच्छ बणाय बहुविधि, दिन रजनी धोकों।
सरस्वति नमो शक्ति तोकों ॥४॥

सुमति हंस-वाहन-सरसी ज्यौं, मात कदापि देर मत कीज्यौ।
गुणि "हिंगलाज दान" गुण गावै, ईश्वरी इण दो को
सरस्वति नमो शक्ति तोको, महर कर सुबुद्धि देहुमोको ॥५॥

॥ कवित्त ॥

आंगन है अवनि जा अम्बर सुछात ओपै,
जाम आठ रोशनी-सु-चन्द रवि जेह की
नामी हैं नक्षत्र सो तो शोभा है सुभौन वांकी,
छाई छवि ओर-चहुँ तारन अछेह की
कारज करत देव तिहुं वा कृपा की जेम,
हारे अहि गाय गान, पावन सु-खेह की
कहै हिंगलाज कवि कल्पित वखाणै कीत,
प्रभुता न पावै कोऊ ईश्वरी सुगेह की

॥ दोहा ॥

भुवनेश्वरी प्रभुता प्रवल, आकृति अधिक अनूप।
जव-तिल जतो न जे लखै, शारद शेप स्वरूप ॥१
तन-मन-हूं तिण ऊपरैं, वारों वार अनेक।
जेहु उपमा खूंवै जसी, उपजै हिय न एक ॥२

करणी-मंगल

॥ छप्पय ॥

आदि शकति अवतार, वेद हिंगलाज वखाणी।
धरि मानुष री देह, कुँवरी मामड़ कहलाणी॥
आवड़ प्रकट्या आय, स्वापनगरी सुर राया।
सह सुकन्यां रे शीश, सको सूरज दरशाया॥
देशाणराय करि कै दया, दान घणों बुद्धि दीजिये।
कवि हिंगोल वन्दै कदम, काज महा सिद्ध कीजिये॥ १॥

अम्बा आदि अनादि, बात बहु ठीक विचारी।
करन कन्यां सिद्ध काज, देश बीकाण पधारी।
मारण कान्ह महीप, देण रिड़मल रजधानी॥
मूरति घणी मनोज्ञ, हेतवां विपत हटानी॥
करनी लय असुरां करन, बाहू राज्य प्रलम्बिका।
करत विनय हिंगलाज कवि, जय जय जय जगदम्बिका॥२॥

जय करणी जगदम्ब, दया कर लाल धजाली।
जय करणी जगदम्ब, रेणवां वंश रुखाली॥
जय करणी जगदम्ब, दुष्ट वृन्दा दुख देणी।
जय करणी जगदम्ब, तूही तीर्थादि त्रिवेणी॥
बीकाण राज्य राजै प्रबल, हरषि-कन्यां-कुल दुख हरण।
कमलासन हरि-हर कहत, शकति यह अशरण-शरण॥३॥

॥ चौपाई ॥

जय आवड़ हिंगलाज बिजाई ।
प्रकटेहु आप स्वाप पुर आई ॥
मेहो तातऽरु देवल माता
तिण री दीह भये जग त्राता ॥
कुल किनिया उज्ज्वल तप कीधो ।
लोवड़वाल जन्म जहँ लीधो ॥
गिरि राया तव रूप घनेरे ।
करनल नाम कलेवर केरे ॥
आसांत हिव नासति उपजाई ।
वरषा बिन गायां अकुलाई ॥
चर चायण सुरभी निज चाली ।
हरषि श्रीमात बीकाणै हाली ॥
तृण-बन देखी पेखि सुखतम्बा ।
डट गये आय जहां जगदम्बा ॥
गाय बच्छ आवत उमगाई ।
पीवत नीर महासुख पाई ॥

॥ दोहा ॥

दूत- कान्ह के आय द्वै, बरजन लगे विशेष ।
वेगि निकासहु बीड़ तैं, मऊ तिहारे मवेश ॥१॥

मृग धुर्तक सुन बात हमारी ।
मुख निज देखहु नीर मझारी ॥
प्यास लगी दौड़े क्षित पानी ।
जम्बुक से आनन भट जानी ॥
छल कर निज मुख वस्त्र छिपाये ।
आरत करत कान्ह पैं आये ॥
दुहु कर जोडि, मोड़ मुख भाखी ।
मिल रह्यो बीड़ कछू नहिं बाकी ॥
" अर्जुन भीम जरा यहां आवो ।
भेद तमाम हमें बतलावो" ॥
चर दुहु आय विनय अस चारी ।
झेलत घास तिकां बल भारी ॥
तहां हम जाय गाय सहताड़ी ।
अम्ब कह्यो मोहे बहुत अनाड़ी ॥
सो समचार कहूँ किमि सारा ।
मुख जम्बुक जिमि भये हैं हमारा ॥

॥ दोहा ॥

तम्बा तव करनी तणी, ताड़न भये हु तैयार ।
कान्ह भ्रमायो कालको, उपजै कुमति अपार ॥२॥

भूप कान्ह दरबार बनाये ।
सबको निजमुख हुकुम सुनाये ॥
जलदी चालहु सुभट्ट हुजूरी ।
देखहु वेग अबै नहिं दूरी ॥
सुयश दूत अप-जोग सुनावै ।
बाघ चढ़ी दुर्गा बतलावै ॥
जिनकी बात सत्य नहिं जानूं ।
मन निज मैं बीरोटण मानूं ॥
सज नृप चलेहु गयन्द सवारी ।
नागर संग भये नर नारी ॥
बीड़ नजीक जाय कहि बानी ।
" मेरी काण रती नहिं मानी ,,
अब निज ऊठ ऽसबाब उठालै ॥
गायां वृन्द जरूर भगालै" ।।
चारण कौम लोभ भइ चण्डी ।
दिन वह गये कहत रजदण्डी ॥

॥ दोहा ॥

जोग नींद तजि जग-जननि, दृग असनाई धार ।
करनी कह्यो जु कान्ह सो, "बोलहु वचन विचार" ॥३॥

शीघ्र उठी अरि वृन्द नशाणी।
करि चित क्रोध कहत किनियाणी ॥

"नृप गायां अरु दीन निवाजै।
छत्री-धर्म येहु जग छाजै ॥

तूं नृप कान्ह महान हत्यारो।
पापऽरु पतन्यां गनिका प्यारो ॥

भूप गाय मो हाय भगादै।
अनुचर भेज करण्ड उठादै ॥"

दास खास सुनि आयुस ध्याये।
जाय जाय बड़वीर लजाये ॥

तब कुंजर जोये मतवारा।
करत महा म्हावत ललकारा ॥

धरि चित क्रोध कान्ह फिर धायो।
अहि रावण रावण ज्यों आयो ॥

मानहु करण्ड धनुष महादेवा।
वस होय काल लख्यो नहीं भेवा ॥

॥ दोहा ॥

कान्ह नृपति ऐसे कही, "जादू लखत जरूर।"
क्रिरण्ड मेर सम कर दियो, वीरोटण भरपूर ॥४

करे मत हाल त्रिरोटण केरा ।
तूं मत रच छल अब बहुतेरा ॥
मूर्ख कान्ह की मति भरमाई ।
शक्ति है तो बता सकलाई ॥
कबसी मैं नरदेह छटकास्यूं ।
जन्दी कहहु, अमरपुर जास्यूं ॥
भ्रम मत राख, भाख सत वाणी ।
देवहु भख अंग मो रुद्राणी ॥
करनी निज कर कार कढ़ाई ।
अश्व कुदाय इधर को आई ॥
लोपण कार तुरी ललकार्यो ॥
शक्ति सिंह ह्वै कान्ह संहार्यो ॥
लख-नव आय भक्ख ले लीधो ।
करनल शीघ्र प्रवाड़ो कीधो ॥
कान्ह संहार्यो ह्वै सिंह शक्ति ।
बीकै लखी आदि भगवत्ती ॥

॥ दोहा ॥

जन निज बीको जानिके, देवी करी न देर ।
राज तणी दीधी रजा, भूप होउ इण बेर ॥५॥

वचन दियो दुर्गा मन भायो,
हुकुम सुणत सेवक हरषायो।
चरण पखारि ध्यान धर चाल्यो,
हरि पद वन्द सुग्रीव ज्यों हाल्यो।
आगैं सुभट सचीव उडीकैं,
सुन्दर नृप-हित सोई लीकैं।
विप्र वेद-मधि भेद विचारैं,
नजरां सूणी सूण निहारैं।
पद-वन्दत वीको गढ़ पूगो,
हर्ष विप्र सूण्यां चित्त हूगो।
तुपक चलीजु थती विन ताजा,
भयो नरेश दास बजि बाजा।
द्रव्य कुबेर लुट्यो धन देते,
कवि नृप कीन्ह अयाचक केते।
गद्दी बैठ महा गुन गायो,
सख्त हुकुम सब को सुनवायो।

॥ दोहा ॥

आदि शक्ति मौपे अधिक, हरपि जनायो हेत।
शीघ्र चलहु अब दर्श हित, सब नर कुटुम समेत॥६॥

बाजे घम झम रिम झिम बाजा,
तन्त्री तार तणयां महा ताजा।
हो रही तोप धोक भव हालै,
चतुरंगिनि आपस अड चालै।
बीर बणट कुन्जर-कटि बेडी,
जिष्णु के निज ऐरावत जैडी।
चपल सवार तुरंग-चलावै,
तडित तोमतम तिमि दरसावै।
गज गामिनी वरजा शुभ गावैं,
कोयल राग सुनत सकुचावैं।
झांझर पद हद ध्वनि झणावै,
लखि गति-चाल मराल लजावैं।
करनी चन्द ज्यूं बाल चकोरी,
सो छवि देखि हूर भई सोरी।
जय ध्वनि सुणत असुर भग जावै,
त्रद-दुख-हरण करनी बतलावैं।

॥ दोहा ॥

भूप भजत चित भगवती, गद्गद् वाणी गात।
लंक पाय मानहुँ उलटि, हरपि विभीषण आत ॥७॥

तब नृप निज पद तैं तजि आना,
बीस हथी के दरश लुभाना

पैंड पैंड नृप करत प्रणाम्बे,
ध्यावत चित आवत जगदम्बे

त्रिहुं कर-जोड़-चरण आवन्दे,
मेटहु मात अङ्क मम मन्दे

पुष्प माल नृप को पहराई,
रवि सुतहि जिमि कौसल राई

दास मात लखि खास बधारे,
अमर बेर उण पुहुप उछारे

घुरत अधिक आनन्ध की धोकाँ,
सुणत जय जय धुनि सह लोकाँ

कीन्ही महर अजौं किनियाणी,
है साखी आखी हिन्दुवाणी

भूप तखत साजेहु बीकाणौं,
श्री सुरराय माय देशाणौं

॥ दोहा ॥

हरषै कवि हिंगलाज हद, पुर मानहु परब्रह्म।
[illegible] प्रतिष्ठ कियो देशणोक जगदम्ब ॥८

पुष्कर अड़िव ध्वजा फहरावे,
सोव्रण कलश अनेक सुहावे।
बुरज च्यार चहुं ओर विशाला,
होत दिती सुत देख विहाला।
मंढ के द्वार खड़े मृगराजा,
लखि तिण गात गयन्द रिपु लाजा।
सुन्दरता दिवि द्वार सुहावै,
भाल्या नयन नको धाशि आवै।
दक्षिण दिशि द्वै पैएड अन्दाजे,
छत्रपति जिमि चित जन छाजै।
धन्य धन्य वह ठौड धिराणी,
किंकर जँह परसै किनियाणी।
कञ्चन दिव्य कपाटां फेरो,
तामें अरुण रंग बहु तेरो।
मूरति हद सुन्दर मेहाई,
कीरति कथन जैस कठिनाई।

॥ दोहा ॥

मन्दिर करणी मात रै, सोव्रण छत्र सुहात।
देव पुरी लखि कै दुरी, चतुरानन चकरात ॥ ६ ॥

अवनि–देव मुख वेद उचारैं,
अनुचर हित–कर चँवर उतारैं।
पाठ करत विधि-संजत पूजा,
देव-ऋषि मानों वह दूजा।
धूप्या जोड़ घिरत हृदि पूरैं,
चिटक पतासा मेवा चूरैं।
दीपत जोति महा जय आखैं,
वाह वाह जात्री जन भाखैं।
सारंग-पुञ्ज खुवैं हदसारा,
तिमि दधिसुत चहुँ तरफां तारा।
झालर बहुत मंजीर झणंकैं,
तत् तन्त्री बहु तार तणंकैं।
बाजा सर्व-प्रकार सु बाजैं,
धुनि सुनि घन–आनदूघन लाजैं।
गुन कवि केम एक मुख गावै,
पार न को सहसानन पावै।

॥ दोहा ॥

जय जय बोलत जयति जय, विप्रवयश अरु भूप।
व्रन चारण री बाहरू, श्री हिंगलाज स्वरूप ॥ १० ॥

महाजन एक विदेश कमायो,
लाल, पना, मुक्ता घण ल्यायो ।
लम्बी नाव सु-तीर लगाई,
वंश विभैं तैं सर्व भराई ।
ओपत नाव चलत दधि अच्छी,
मानहुँ उमंगि चलत है मच्छी ।
वारिधि इत तूफान चढायो,
लहरां देखि शाह अकुलायो ।
अवर नहीं दीखै अवलम्बा,
अनुचर जाण आवियो अम्बा ।
शक्ति महा तव-अद शरणाई,
मो दुख हरण आव मेहाई ।
गज ज्यों जानि दुखित गिरिराया,
दूहत धेनु हरि सम ध्याया ।
आमति नाहिं हरी की अत्ती,
पक्ष लघु, दीरघ भगवत्ती ।

॥ दोहा ॥

गज राख्यो सजि हरि गरुड़, चक्र सुदर्श चलाय ।
भगत उबारयो भगवती, वाहू हेक चढाय ॥ ११ ॥

तरनी करनी दधि में त्यारी, भीजी कंचु-बांह जल भारी।
चण्डी निज कर बांह निचोई, वन-त्रय हाथ तलै अग्र-बोही।
मात तणांजु रहै पुर मांही, नीर नगर के बाहर नाहीं।
भूत भविष्य वर्तमान भवानी, करनल शक्ति नमो किनियानी।
करनल मात कृपा तुम कीज्यौ, दान-भक्ति मोको वर दीज्यौ।
मात माफ औगुन करि मेरो, चण्डी-चरण-कमल-हूं चेरो।
कर करनी रक्षा जन केरी, जागावत 'हिंगलाज' तणेरी।
आनन्द कन्द दयानिधि अम्बे, जय जय जयति जयति जगदम्बे

॥ दोहा ॥

मंगल-करणी मात को, सुणै सुणावै सोय।
सको सुजन जग में सुखी, कदे न आफत कोय ॥१२॥

बलिदान-विनोद उर्फ भक्ति-प्रदान

॥ छप्पय ॥

श्री करणी सुर राय, विनय कर जोड़ बखाणूं।
माता मैं मतिमन्द, जुगति छन्दां नहिं जाणूं॥
आप कृपा करि आज, उक्ति ऐसी उपजावो।
महर घणी करि मात, बात भूली बतलाओ॥

सक्कि रूप सिंह समझावियोस (थे) सूरत सिंह नरेश नैं ।
कविता जु मांहि चाहूँ कह्यो, सो शकति महा इन्दरेश नैं ॥१॥

॥ दोहा ॥

सुकवि घणातैं हूँ सुणी, वह परचारी बात ।
करिहूँ बरण सो काव्य में, मैं बुद्धिसारूं मात ॥१॥

कमंध मौड़ बीकाणपुर, नरयंद सूरत नाम ।
सो भावी वश बीसर्‌यो, देशनोक सो धाम ॥२॥

राजनीति तजि सुरतसिंह, कर्म दिया छिटकाय ।
अनरथ लाग्यो करन अति, तापर कान लगाय ॥३॥

(छन्द मोतीदाम)

कहूँ कर जोड़ि कृपा निधि कीत ।
भयो जिमि सूरतसिंह विप्रीत ॥

थयो इक भूप को सेवक थान ।
दगां जो लख्यो चढतो बलिदान ॥

घणी करि भिन्न गयो निज गेह ।
दुखी तिण रैण हुई तिण देह ॥

पुनीचर ऊठऽरू न्हाय प्रभात ।
गयो नृप पै अति कम्पत गात ॥२॥

दुहूँ कर पोड़ि खड़ो नजदीक।
कह्यो नृप "काह हुवो कह ठीक ॥"
"वखाणत शास्त्रजु वेद पुराण।
सुणौ करि गौरव आप सुजान ॥३॥
भणी मुनिराज घणौ जु विचार।
कही हरि-भक्त जु सार निकार ॥
मरैं कई जीव जहाँ बिन मौत।
हरीपुर कैद जको नृप होत ॥४॥
मतासुख ह्वै जे रियासत मांहिं।
नृपो दुख पावति को कबू नाहिं ॥
भणी अणु-बात घणीज बणाय।
अजू तव राज्य नरेश अन्याय" ॥५॥
जकैं दई भूप के बात जचाय।
लयो नृप तापर कान लगाय ॥
भयो वस भूप मात्री उण वेर।
करयो अति कोप करी नहिं देर ॥६॥
जवैं नृप लीन ताजीम बुलाय।
सबै लघु दीरघ आय सुभाय ॥
हुवो कर्मचारी खड़ो हरषाय।
सभासद ही को रह्यो यूं सुणाय ॥७॥

"भएयों यह हुक्म गरीबनिवाज।
हिदायत है तुमको यह आज ॥
अजासुत मार सको नहिं एक।
हुक्म्म अदूल सजा है अनेक" ॥८॥

लयो इक सेवक और बुलाय।
'धजावन्द' के दियो कोट खिनाय ॥
करया झट दूत भेला कवि लोग।
थली वड़ गांव कर्‌यां घण थोग ॥९॥

करो तुम इतला पाइ कविन्द।
पड्यो तुम्हरे शिर आय के फन्द ॥
"कहो यह कौन हुकम्म करूर।
जको हमें वांच सुनावै जरूर" ॥१०॥

"यहां बलिदान गयो बन्द होय।
करो नर भूलि अबै मत कोय ॥
खगां मँढ़ काढि करो वडखण्ड।
दिवे बलिदान तिको सह दण्ड" ॥११॥

'यहां बलिदान हुवै बन्द नांहि।
ममं रहै प्राण जितै तन मांहि" ॥
इती सुण दूत भग्यो अकुलाय।
हुये उत हाजिर सेवक आय ॥१२॥

करैं कर जोड़ अनेक बखाण।
"अमा सुण आ अब आवड़ आण ॥
चण्डीसुण बात घणों कर चेत।
खड्यां जु धण्यां उजड़ै किमि खेत ॥१३॥
छत्र्या मद सिन्ध गा शेख छुड़ाण।
बण्यां जिण बेर में चील विमाण ॥
महाजन की इक नाव समन्द।
बचायं लई कर बाहुविलन्द ॥१४॥
कहावत हेक सुणी हम कान।
धजाबन्ध जोहसुणैं कर ध्यान ॥
नये तब जो न भये जगनथ्य।
नसे जन जो जग बीच अनथ्य ॥१५॥
भला गुण येहु बिहूं बिरदाल।
रूखालत तेण सदा छतराल ॥
पगां रज आप तणैं परताप।
थयो नृप सूरत थाप उथाप ॥१६॥
गिणैं नहिं कोट सुरत्त गयन्द।
मड़ो बलराज हुयो कि मयन्द ॥
अम्मा तब दास चुहाँ अनुमान।
सुरत्त नरेश्वर बाज समान ॥१७॥

हुसी जग मांहि घणो उपहास ।
दल्यां रण आप तणां निज दास ॥
अजौं कई वेर हुई जु उभेल ।
अबैं जगदम्ब करीजै उवेल ॥१८॥

हण्यों नृप कान्ह तू केहरि होय ।
जकी गत आज गई वण जोय ॥
घणी मिलि स्वासनि गावत गीत ।
रखो जगदम्ब थिरू मँढ रीत ॥१९॥

वह मम जीव दुखी घण हाय ।
अबैं यह कष्ट हरो तुम आय ।"
भण्यो सुपनै उण रैण वदाल ।
"पुत्रो तव ह्वै हैं अभै प्रतिपाल ॥२०॥

चढो बलिदान जु होय निचिन्त ।
वणू' तव-काज हरी-बलवन्त ॥"
सुण्यां यह शब्द सुण्या सुख खास ।
बन्ध्यौ तब दासन के विश्वास ॥२१॥

चढा बलिदान दई मद छाक ।
पुनः दिव जोत में भोजन पाक ।
पढैं कवि छन्द झड़ैं जनु फूल ।
भगैं सब दैत्य जु होय बघूल ॥२२॥

धज्राबन्ध मात नमो जगदम्ब।
अजूं यह कोट कह्यां अवलम्ब ॥
उचारण चारण हो बड़ आप।
तिकां कुण देय सकै भव.ताप ॥२३॥

उत घर जाय करी फरियाद।
वृथा अणुजोर गयो नृप वाद ॥
उठे कवि लोग घणां है अडाक।
लियां लठ त्वेष तणांजु लड़ाक ॥२४॥

"बचे मम प्राण मुसक्किल साण।
बधे हम जावे बिना धनुबाण ॥"
पढ्यो नृप कोफ इती सुण बात।
"रहैं नर वे न यहां परभात" ॥२५॥

नरेन्द्र प्रभात सुजागृत होय।
दुजेन्द्र बुलाय लये निज दोय ॥
कह्यो नृप "विप्र करो यह काम।
दयो तुमको हम पूजन धाम ॥२६॥

करो द्विज कूच करन्नल कोट।
सको नहिं मान जड़ों सिर सोट ॥"
हुये सुनि हुक्म द्विजेन्द्र वहीर।
भये संग भूप के वीर सुवीर ॥२७॥

लख्या मग आत परैं कविलोग ।
अज्यां अड़िया जु दड़ी पैं अमोग ॥
पड़ै कई वीर कढे नँह प्राण ।
बचे द्विजराज कढा इक आंण ॥२८॥

थमे सुण नाम कवि थलराय ।
भगे नर सो कहि बात बढ़ाय ॥
उतैं कविराज गये मँढ आय ।
घणा जगदम्ब तणां गुण गाय ॥२९॥

उतैं कही जाय नरेश को ऐम ।
"कछू न रहै नृप कुसल खेम ॥
महा मरमार हुं मैं मजबूत ।
जकां भिड़ जींत नँह जमदूत ॥३०॥

रह्यो वढ़ जोर जकां सुरराय ।
सको नृप दै हैं तुझे समझाय ॥"
खिज्यो नृप देखि द्विजां शिरखून ।
कह्यो भर त्वेप "कर्यो यह कौन" ॥३१॥

जवान थया जै हतै कर जंग ।
रंग्या सब वस्त्र रगत्तर रंग ॥
बढ़ी तब रीस नरेस के आन ।
अबां चित आह करीब समान ॥३२॥

मत्सरी मोह मति-सर आन ।
भख्यो बल वेग बढ्यो अरमान ॥
बुलाय कह्योजु सेनापति फौज ।
करो कल गामड़ नष्टर स ओज ॥२३॥
बड़ी अति तोप कढ़ी जु बिलन्द ।
घणैं बल लागि टला जु गयन्द ॥
बड़ा घण जोर जुप्या अति बैल ।
हली नंह तोप हलै मग हैल ॥२४॥
चढ्या कई कूर कूवीरन छोह ।
धजावन्ध हूँ तै बढावन द्रोह ॥
खड्या अति बाज उड़ी घण खेह ।
लखी रवि की जब धुन्धल देह ॥२५॥

॥ सोरठा ॥

गढव्यांला गासाँह, मलफा भरि मोडाणियाँ ।
सेना नै सामाँह, उछलि बांघा आवियां ॥२६॥
बिच अति रह्यो भगाय, सेनापति निज अश्व नै ।
इक नाहरियो आय, मारि तुरंग भो-मालफ्यो ॥२७॥
रोक लयो इक रात, दिल सेनापति सोचि दल ।
सूण कहैं साच्यात्, विजित न ह्वै देसाण री ॥२८॥

रही न मो अङ्गरीस, कोट हूंत निकस्यो जती।
घॉसै विसवा वीस, आती दीखै ईश्वरी ॥३९॥
अजकर लिखिया अङ्क, भल हलसी सिर भूपरै।
कै मिर मूँफ कलंक, कै परवाड़ो होवसी ॥४०॥
वीर जे नांहि वन्दूक, ओट कोट नांही उटै।
सर-जल जासी सूक, दग्यां तोप ज्यों दामणी ॥४१॥
हुय गो अस्त ग्रहेश, धोरां आयर दल डट्यो।
निद्रा हेत नरेश, अन्तः पुर पूग्यो उतैं ॥४२॥
राजा हूं राणीह, वाणी ऊभी इम भणैं।
"पीत्रा हित पाणीह, कहो राठौड़ां हो कठै ॥४३॥
आ कव सोची आप, कहो कोट दीधो कवण।
पान जकां-परताप, थाप उथापि थह रह्या ॥४४॥
आप जकाहूं आज, द्रोह करण री धारली।
लाल धजाली लाज, आसी राखण ईह गां ॥४५॥
मुण्ड चुण्ड हणि माय, शुंभ निशुम्भ संहारिया।
आ जगदम्बा आय, काल विडारयो कान्ह नै ॥४६॥
भुज वल कहाँ विशेप, असुर इसां सो आपमें।
निज कर अङ्क नरेश, कलंक लगावै कम धजां ॥४७॥
रेणु न उखड़ै रंच, उण तोपा वल आप हूँ।
पुहमी पै परपञ्च, रचिया जँह सुरराय रा ॥४८॥

भव पें मिली न भीक, कर झोली झाली कितां ।
ठावोड़ां नै ठीक, ईष्ट तज्यां पड़ियो अवस ॥४९॥

चीको कव को भूप, कव को दुरबल कान्हियों ।
सकती आदि स्वरूप, आपी थलवट आप नैं ॥५०॥

महिपतियां सिरमौड़, ईश्वरीयां भगती अठै ।
आयो दरशैं ओड़, पुनि रूड़ा प्राचीन रो ॥५१॥

राणी पैं करि रीस, मद घण पीकर मन्दमति ।
चन्द करि महल बलीस, सूतो मन में मान सुक्ख ।५२॥

छन्द मोती दाम

गुणैं गण जोड़ि कवि हिंगलाज ।
सुणैं इन्दरेश सुरां सिरताज ॥
भणूं अब हूँ जै सुणी जिमि बात ।
घुली नृप नींद दगां अधरात ॥५३॥
घणों करि कोप चढ्यां घटियाल ।
हरौल चन्दोल दुहूँ लटियाल ॥
भुजा गहि भूप कह्यो भुजलम्ब ।
"दुज्यो मिस कौन पड्यो नृप दम्भ ॥५४॥

धरैं नृप क्यों न करै सो ऊध्यान ।
उड़ूं तुझ लेय अवैं असमान ॥५५॥
करूं तोहि मूढ़ यहां चकचूर ।"
निद्रागत होत गयो उड़ि नूर ।
चढ़्या कटि-केहरि दीखैं छत्राल ।
झलाहल नेत्र घणी उरझाल ॥५६॥
सकत्ति तण्यों यह देखि सरूप ।
भयातुर दीन भयो अतिभूप ॥
पड्यो तब राव विनय करि पांव ।
"भुवा अब होवै लुवा ज्यों बचाव ॥५७॥
करो मम औगुन माफ कृपाल ।
अत्यांअत्य जानि गरीब वृदाल ॥
दहूँ निज हाथ सुवै बलिदान ।
तहां जगदम्ब थपे तुम थान" ॥५८॥
गई तब होय अदृश्य खगाल ।
पुरातन मात-सनातन पाल ॥
सबै नृप को जु गयो तन-शीत ।
गया रणिवास तवैं शुभ गीत ॥५९॥
लख्यो नृप-भक्ति, दियो छल छांडि ।
किया कवि कैद दिया तव काढि ॥

दियो इक बीर को शीघ्र खिनाय ।
लई निज सेन गई जो बुलाय ॥६०॥

बुला इक बीर कह्यो इमि भूप ।
अवै तुम जाहु जँह शक्ति सरूप ॥

यह बड़ काज पड्यो तव-योग ।
जेहो जलदी अब जै जन-जोग ॥६१॥

बखाण करूं कहा तूं बुद्धिमान ।
सबै विध तूं हनुमन्त समान ॥

खडे जिण द्वार रहैं जन खास ।
करो मम हाजिर होण प्रकाश ॥६२॥

गयो सुण दूत प्रफुल्लित गात ।
हुयो मँढ हाजिर जाय प्रभात ॥

कही उण जाय सुणौं कविराज ।
"हुजूर यहां वहै हाजिर आज ॥६३॥

रहे नृप आयास मयै रणिव ।
खडै नृप पैदल ज्यों जन-खास ॥"

भई गढ़ मांहि खुशी उण वार ।
पड़े जन आ कदमा अणपार ॥६४॥

बड़ाँह बड़ी जु बड़ी यह बात ।
हुई फिर आज नई इण हाथ ॥

कृतैं कविराज अनेक सुकीत ।
गवैं अति स्वास्नै सुन्दर गीत ॥६५॥

यहै घण आज कृपा करि आप ।
धजावन्ध खूब करी धणि आप ॥

छिताछित बीच रह्यो यश छाय ।
जुगैं जुग बात येहू नहिं जाय ॥६६॥

॥ छप्पय ॥

चढ्यो मोह नृप छोह, द्रोह को दूर दुरायो ।
मोह तणों तजि मूल, भाव-भक्ती मन भायो ॥
छाक हेतु बड़-छाग, मोल अति देय मगाया ।
बड़ घण अमृत-बाण, वारुणी हूँत भराया ॥
उपकरण अमित अमल्ल लेय, नैण भूप निहारि कै ।
करवाजु चक्र धारी कमन्ध, बीजल सार बधार कै ॥६७॥
भयो पयादो भूप, विनय नय शीश बखाणी ।
गाय सुरंगा गीत, हरखि हाली महाराणी ॥
देण जका बलिदान, थान करणी रे थाया ।
भाई बेटा बहुत, उमंग-सागै उठि धाया ॥
द्विजराज-इन्द्र आवै दरगा, श्री मँढ़ लखि सकुचावता ।
उत करी सजावट मँढ अधिक, ईहग गुण घण गावता ॥६८॥

अमरां नै कहि इन्द्र, "दान बलि देखां देतां।"
मन्दिर धोय मनोज्ञ, कियो सेवक मिल केतां।
आवैं दाम अनेक, ओलखि भूपति नै आतो॥
छतराली हित छाक, खडै नाहर नै खातो॥

घूघरा पांव बाजिऽरू घणा, डम डमाक हुये डैरवा।
लेबा उच्छिष्ट आवै लुभ्या, ये बावन देखो भैरवा॥६६॥

बैठ्या देव विमान, छाव पुहुपां भरि छाई।
बजा दुन्दुभि बहुत, उमंगि अम्बा मँढ आई॥
सुरंग केशरयां श्वेत, लाल कई फूल गुलाबी।
सजल स्वच्छ सुगन्ध पुहुप पंकतियां फाबी॥
कर जोड़ि विहूं गन्धर्व किन्नर, गुण घण आछा गाविया।
बलिदान इन्द्र देखण बठै, इन्द्र आदि सुर आविया॥७०॥

(छन्द त्रोटक)

भणि भूप खमा जगदम्ब भजी,
तिण वेर प्रकृत्ति भो तर्क तजी।
छल छांड़ि तमाम जु छोह छयो,
बड़ पात्र-कृपा जगदम्ब भयो॥७२॥
हरख्या नृप भ्रात अनेक हलैं
सुर मानों सुरेश के संग चलैं।

गजगामिनी कामिनि गान करैं
मन हूर-परी सुन मोद भरैं ॥७३॥
रमि रागिनि रानि करैं हरखी ।
विबुधा जु झरी पुहुपां वरखी ।
छवि देखि नरेश की इन्द्र छिपै ।
धजवन्ध' आदीश्वरि जेम दिपै ॥७४॥
धरि पांव यला नृप धोक दिवै ।
लुभि लाभ अलौकिक भूप लिवै ।
यहि भांति जु हाजिर आय हुवो ।
दुहुं जोड़ि ज्यूं हाथ सुरेश दुवो ७४॥
द्विजराज खड़ा अति मोद घणों ।
विहुं जोड़ियां हाथ सतुति भणों ॥
झलकी उत ज्योति उद्योत भली ।
रमि ता मय हव्य हविष्य रली ॥ ७५ ॥
धक धक्क गिरथ्य घृत जोति धकै ।
डक डक्क जु आसन वहुत डकै ॥
नृप जोड़ि विये कर शीश नयो ।
वलि-म्हूरत-श्रेष्ठ तां वेर भयो ॥७६॥

(छन्द मोतीदाम)

धजावन्ध इन्द विधी बलिदान ।
कहूं कर जोड़ि सुनि जिमि कान ॥
छई छिति धूंह हवन्न अछेह ।
मँडी जनु धूंरि महा-खण्ड-मेह ॥७७॥
भयो जग तिम्र गयो लुखि भाण ।
सुरां जु विमाण रुक्या असमाण ॥
उठी अष्ट-गन्ध सुगन्ध अपार ।
भये मन देव खुशी उण वार ॥ ७८ ॥
करी भर छाव भरी कुसमाण ।
पड़्या मंढ फूल खुवैंऽप्रमाण ॥
सुगन्धित सज्जल 'स्वच्छ विशेष ।
अलौकिक फूल सो है इन्दरेश ॥७९॥
गुलाब ऽरु लाल हर्‌यो रंग जेण ।
कहे कवि कीरति कौ द्युति तेण ॥
भला वह फूल अजूं सब भांत ।
तुट्या सुर-तीय हियै करि ख्यांत ॥८०॥
कढ़ी कर खैंच नरेश कृपान ।
लखैं सब देव खड़े बलिदान ॥

चढ्या मँढ़ आय वड़ा घण छाग ।
खिवैं जिमि बीज हुतां चक्रखाग ॥८१॥

भणैं सुर यैस सवै मिल वात ।
हुवैं नहिं चक्र इसा किण हाथ ॥

छकां छक छाक हुमें छतराल ।
खमा मुख दाख खड़ा लटियाल ॥८२॥

कह्यो नहिं जाय जका तप तेज ।
झिलैं अति छाग हुवै नहिं जेज ॥

हुयो उण वेर अलौकिक रूप ।
सकै को वखाण वे तेहड़ रूप ॥ ८३॥

धतांधत होय नशै रणधीर ।
भखैं वकरा घण भैरव वीर ॥

भणें यश भैरव वीस वतीस ।
कहैं सुर कीरति कोटि तेतीस ॥ ८४ ॥

करे कर जोड़ सुरेश वखाण ।
भई अति व्योम में भीड़ विमाण ॥

अम्मा इन्दरेश सुरां उण वार ।
पुहुप्प झरी जु करी अणपार ।८५॥

खमा भणि भूप कही कर-जोड़ि ।
करैं मम औगुण माफ करोडि ॥

"रह्यो इण पाट सदा तव राज ।
रखी वरनेक घणी तुम लाज ॥८६॥
करे निज बालक नेक कुसूर ।
वलू रह मात सदा भरपूर ॥
भणैं इमि वेद सुणी हम वात ।
"महा दुख मांहि रहे संग मात ।'८७॥
करैं मम औगुण पै न खयाल ।
भणैं व्रद रावरो वेद दयाल ॥
पगां रज आप तणौं जु प्रणाम ।
कृपा करि राखि सदैव कलाम ॥८८॥
सनातन येह पुरातन सोच ।
मूझ तणां जु घणां दुख मोच ।"
भणी इमि भूप विनै घण वार ।
धजाबन्ध मात तणैं दरबार ॥८६॥
तन्त्री घन आनध रूप छतीस ।
बज्या जिण द्वार, तपैं भुजबीस ॥
अछीज कलाँवत माढ़ आवाज ।
बजावत बेणु मनो बृजराज ॥६०॥
घणी सुर-वाम करै मिलि गान ।
धरैं मुनिराज खड़ा मंढ़ ध्यान ॥

कथैं कविराज सुकाव्य बखाण।
सुणैं चुपचाप सौजन्य सुजान ॥६१॥
समैं इक विष्णु गये सुख सोय।
धरी जर देह जु दानव दोय ॥
करे बल कौण जकां जु बखांण।
घल्यो जिण बहुत सिरा सुरधांण ॥६२॥
अजू दुख पाय भये अज ईश।
भजी उण वार भुजा वड़ बीस ॥
घणों बल धारि भुजा घंटियाल।
बलू विबुधा जु चढ़या बिरदाल ॥६३॥
हली इण हाथ भली चन्द्रहास।
भयो जिण दाणव वंश विनास ॥
करी तुम जाय सुरां रखवाल।
नमो प्रतिपाल नमो प्रतिपाल ॥६४॥
